न

रियर
खक
है वो
र्ग भी

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम नारी शिक्षा निकेतन महाविद्यालय में पंचप्रण शपथ ग्रहण एवम वृक्षारोपण समारोह का हुआ आयोजन

लखनऊ। आजादी के अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा और मेरी माटी मेरा देश कैम्पेन के अंतर्गत नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय ,लखनऊ में पंचप्रण शपथ, एवं वीरवंदन कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में प्राचार्या प्रोफेसर सपना वर्मा जी के संरक्षण में प्रोश (मेजर) रजिया परवीन जी ने पंचप्रण शपथ दिलाई, जिसमें श्रीमान रामेंद्र तिवारी, थाना प्रभारी कैसरबाग, श्रीमान सुधाकर सिंह थाना कैसरबाग, श्री संदीप सिंह सब इंस्पेक्टर, थाना कैसारबाग, डॉ सुदीप चौधरी मनोविज्ञान विभाग ढ्ढ्ढ कॉलेज, महाविद्यालय की समस्त प्रवक्तागण और छात्राओं ने शपथ ग्रहण किया। इसके बाद उक्त सभी के द्वारा वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया तत्पश्चात वीर वंदन कार्यक्रम किया गया जिसमें थाना प्रभारी श्री रामेंद्र तिवारी जी एवं श्री सुधाकर सिंह जी को पुष्पमाला पहनाकर इन वीरों का वंदन किया गया। श्री रामेंद्र तिवारी ने छात्राओं को उत्साहित करते हुए देश की माटी के प्रति प्रेम रखने के लिए, कर्तव्यपरायण बनने के लिए , अध्यन के प्रति ईमानदार रहने के लिए कहा। तत्पश्चात प्राचार्या प्रो सपना वर्मा जी ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाए गए उक्त कार्यक्रम बच्चो में नवीन जोश भरते हैं। नव प्रवेशित छात्राओं का उत्साह इस अवसर पर देखते ही बनता था। लखनऊ में पहली बार 15 अगस्त को होने वाले मार्च पास्ट में महाविद्यालय के तीन छात्राओं का चयन किया गया है।

जिनके नाम इस प्रकार है
पूजा वर्मा
. बबली रावत
. रीता गौतम

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ अंतिमा चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रो. वन्दना उप्रेती, प्रो. सीमा सिंह , प्रो.रुचि सक्सेना , प्रो. सुमन मिश्रा , प्रो. सुनीता कुमार, प्रो. विभा अग्निहोत्री , प्रो. दिव्या पांडे , प्रो. ममता डोगरा , प्रो डॉ अंतिमा चौधरी समेत सभी प्रवक्तागण और 200 से अधिक छात्राओं की उत्साहजनक उपस्थित रहीं।